>

Title: Need to expedite setting up of Mini Passport Office at Garkheda in Aurangabad Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद): मेरे संसदीय क्षेत्र (औरंगाबाद) संभाजीनगर क्षेत्र के लिए गारखेड़ा स्थान पर एक मिनी पासपोर्ट कार्यालय स्वीकृत हो चुका है एवं राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन ने इस संबंध में सारी प्रशासन संबंधी औपचारिकताएँ पूरी कर दी है एवं विदेश मंत्रालय एवं स्थानीय पासपोर्ट आफिस के उच्च अधिकारियों ने इसका मुआयना भी कर लिया है और पासपोर्ट कार्यालय जल्द खोलने का आश्वासन भी दिया है। महाराष्ट्र का औरंगाबाद जिला मराठावाड़ा क्षेत्र की राजधानी है एवं आठ जिलों का केंद्र बिंदु है। इस संसदीय क्षेत्र में पुरातत्व सर्वेक्षण के अंतर्गत कई ऐतिहासिक धरोहरें हैं। हर साल 15 लाख के करीब देश के पर्यटक एवं 50 हजार के करीब विदेशी पर्यटक औरंगाबाद के ऐतिहासिक इमारतों के दर्शनार्थ आते हैं। उपरोक्त पासपोर्ट कार्यालय की इमारत बनकर खड़ी है और सभी औपचारिकताएँ पूरी हो गयी हैं परंतु खेद के साथ सदन को बताना पड़ रहा है कि उपरोक्त मिनी पासपोर्ट कार्यालय को अभी तक जनता के काम के लिए खोला नहीं गया है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र (औरंगाबाद) संभाजीनगर क्षेत्र के लिए गारखेड़ा स्थान पर स्वीकृत पासपोर्ट कार्यालय जल्द जनता के काम काज के लिए खोला जाये।